तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 18.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 29 मार्च 2024



12 महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील





12 सूफी पंजाबी गायक कंवर ने मचाई धूम









**खबर संक्षेप**

### पंजाबी कम्युनिटी की अध्यक्षा बनी अनुपमा

**करनाल।**अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा ने संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूर्यवंशी साहिबदयाल वधवा की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय महासचिव सूर्यवंशी ज्योति कमल हांडा के अनुमोदन पर करनाल निवासी सूर्यवंशी अनुपमा चानना को करनाल जिला की महिला अध्यक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी है। सूर्यवंशी अनुपमा चानना इसके अलावा नारी शक्ति हरियाणा की जिला प्रभारी, बीजेपी महिला मोर्चा जिला सचिव के साथ-साथ शहर की धार्मिक व सामाजिक संस्थाओ में हर कार्य में बढ़-चढक़र भाग लेती हैं।

### आज पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर लेंगे बैठक

**करनाल।** नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि 29 मार्च शुक्रवार को नीलोखेड़ी के आशियाना पैलेस में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक होगी जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल मुख्य रूप से पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस बैठक में अवश्य पहुंचें। कबीरपंथी ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत होगी।

### किसान संवाद कार्यक्रम में निपटाई समस्याएं

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के प्रांगण में आयोजित 3 दिवसीय किसान कार्यशाला का विधिवत समापन हुआ। तीन दिवसीय किसान कार्यशाला में किसानों ने एमएचयू के अनुसंधान निदेशक डॉ रमेश गोयल ने स्वस्थ बाग के लिए मिट्टी के चयन पर चर्चा की। डॉ. राजबीर गर्ग ने स्वस्थ मिट्टी के लिए फसल विविधिकरण पर चर्चा की तथा किसानों की समस्याओं का निस्तांरण किया।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जत्थेदार भूपिंदर सिंह दोबारा प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आम इजलास में जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध को दोबारा से प्रधान चुन लिया गया व करनाल से ही गुलाब सिंह मूनक को संयुक्त सचिव बनाया गया। शाम को डेरा कार सेवा में पहुँचने पर उनका स्वागत किया गया व सिरोपे डालकर सम्मानित किया गया। डेरा कार सेवा की और से गुरसेवक सिंह, गुरपुरब प्रबंधक कमेटी के सचिव इंद्रपाल सिंह, शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह ख़ालसा, गतका फेडरेशन व इंटरनेशनल सिख फ़ोरम के महासचिव एडवोकेट प्रीतपाल सिंह पन्नु, ज़िला सचिव परमजीत सिंह बेदी, गुरुद्वारा शीश गंज साहेब के हेड ग्रंथी ज्ञानी सूबा सिंह, गुरुद्वारा मंजी साहेब के हेड ग्रंथी अमृतपाल सिंह, गुरु नानक सेवक जत्थे से राजू मिड्ढा, बलबीर सिंह आदि ने जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व गुलाब सिंह मूनक, प्रवक्ता कँवलजीत सिंह अजराना व पानीपत से सदस्य मलकीत सिंह गुराया का सिरोपे डालकर सम्मान किया। इसके अतिरिक्त सुखविंदर सिंह मंडेघर को महासचिव, सुखदर्शन सिंह सहगल को



वरिष्ठ उपप्रधान, बीबी रवींद्र कौर अजराना को उप प्रधान बनने व बलजीत सिंह दादूवाल, सुखदर्शन सिंह गॉबडिया, तजिन्द्र सिंह नारनौल, जसकीर सिंह माँगेआन, बलदेव सिंह ख़ालसा, टीपी सिंह अंबाला को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। साथ ही जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल को धर्म प्रचार का इंचार्ज बनाकर पूरे प्रदेश में सिख धर्म के प्रचार प्रसार की ज़िम्मेदारी दी गई है। जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि पहले उन्हें प्रधान नामांकित किया गया था लेकिन आज आम सभा की बैठक में इन पदों का चयन किया गया है। स्वागत के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि नई टीम सिख क़ौम के प्रति दर्द रखने वाली टीम है और सभी मिलकर आने वाले समय में हरियाणा के गुरु घर की सेवा, गुरमत व सिख सिद्धांत का प्रचार, युवाओं को सिख शस्त्र विद्या गतका व अन्य खेलों से जोड़कर नशे से दूर करने के प्रयास, गरीब सिखो की सहायता आदि कार्य किए जाएँगे। गुलाब सिंह मूनक व कँवलजीत सिंह अजराना ने भी प्रेस को संबोधित किया व हरियाणा में सिखी प्रचार प्रसार के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

## एडीसी की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, 12 एजेंडों पर हुई चर्चा

# ट्रैफिक नियमों को धत्ता बताने वालों से वसूला 1.67 करोड़ से अधिक जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला सडक़ सुरक्षा समिति की एक बैठक आज यहां जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें पिछली बैठक के लंबित चार और आज की बैठक के 12 ऐजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया। एडीसी ने संबधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सडक़ों पर जहां कहीं भी गति अवरोधक बनाये जायें वहां उन पर पेंट अवश्य किया जाये। आरटीओ की ओर से जानकारी दी गई कि फरवरी में पुलिस विभाग की ओर से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के 11 हजार 415 लोगों के चालान काटकर 42 लाख 73 हजार 300 रुपये जुर्माना वसूला गया जबकि आरटीए की ओर से एक करोड़ 25 लाख 19 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया। बैठक में जानकारी दी गई कि 2022 में 760 दुर्घटनाएं हुईं जिसमें 399 गंभीर हादसे शामिल थे तथा इस अवधि में 434 लोगों की मौत हुई जबकि 2023 में 782 हादसे हुए, इनमें 304 घातक थे और 338 लोगों की जान गई। इस साल फरवरी में जिला में 19 गंभीर हादसों में 20 लोगों की




**करनाल।** जिला सचिवालय में सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक लेते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

मृत्यु हुई। नगर निगम की ओर से मुगल कैनाल रोड की खस्ता हालत को सुधारने के लिये वर्क आर्डर कर दिया गया है। गांव सलारू-इंद्री रोड के मध्य डिवाइडर के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे घोगड़ीपुर फाटक के पास सडक़ पर बने गहरे गड्ढों को भरवायें। पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि शहर में मुख्य स्थानों पर 431 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। इस पर एडीसी ने यह जांचने के निर्देश दिये कि इनमें से चालू हालत में कितने हैं? बैठक में जानकारी दी गई कि फरवरी में पुलिस विभाग की ओर से बिना हेलमेट वाहन चलाने के 5020, शराब पीकर गाड़ी चलाने का एक, बिना आरसी के 177, बिना लाइसेंस के 179, बिना नंबर प्लेट के 425, लेन बदलने के 1189, तिपहिया सवारी के 82, गलत पार्किंग के 2060, लाल बत्ती पार करने के 735, रोड मार्किंग उल्लंघन के 489 और प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र न होने के 37 चालान कर 42 लाख 73 हजार 300 रुपये जुर्माना वसूला गया। जबकि आरटीए की ओर से 267 चालान कर एक करोड़ 25 लाख 19 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया।

### बिना लाईसेंस के ई-रिक्शा चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश

पिलानी ने पुलिस अधिकारियों को बिना लाईसेंस के ई-रिक्शा चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि ई-रिक्शा वही व्यक्ति चलाये जिसके नाम पर पंजीकरण है। बैठक में सडक़ सुरक्षा कमेटी की ओर से विभिन्न विभागों को उपलब्ध कराई गई राशि और उसके व्यय के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रबीना पी., एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, घरौंडा के राजेश सोनी, इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार, असंध वीरेंद्र ढुल, रोडवेज जीएम कुलदीप सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व समिति से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।




**करनाल।** वरुण गोयल को नियुक्ति पत्र सौंपते अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा।

# वरुण गोयल एंटी करप्शन ऑफ़ इंडिया के निदेशक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के विख्यात उधमी एंव ब्रू-एस्टेट के ओनर वरुण गोयल को अंतर्राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय मुख्य निदेशक महिला प्रकोष्ठ सुनीता गुप्ता ने वरुण गोयल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की वरुण गोयल एक युवा समाजसेवी है जोकि ब्रू-एस्टेट के ओनर है, इस अवसर पर वरुण गोयल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना आदि शामिल हैं।

# घर में घुसकर चौकीदार के साथ मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंड़ा

बीडीपीओ कार्यलय के पास एक घर में घुस कर बीडीपीओ के चौकीदार ने कुछ लोगों के साथ मिलकर एक्र घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नंबर चार के रहने वाले अनुज ने पुलिस में शिकायत दर्ज़ कराई कि उनकी गली मे 3-4 दिन से एक गाडी खड़ी थी। उस गाडी में प्रतिदिन बीडीपीओ कार्यलय के चौकीदार के पास कुछ लोग आते थे और शराब व आदि नशा करते है। शाम के समय उनकी महिलाएं गली में सैर करती है ओर वें उस समय आफिस मे शराब पीकर और हुड़दंग करते आए । इसके बारे में चौकीदार से ऐसा न करने को कहा था, लेकिन उसने कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया। 25 मार्च को वह दुकान बन्द करते घर के अन्दर जा रहा था तो शंकर और 4-5 व्यक्तियों ने उनके घर में घुसकर उस पर ईंट व डंडे से हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। मोके पर डायल 112 भी आई तो पुलिस देखकर हमलावार फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारत विकास परिषद् की बैठक में कार्यक्रमों पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

भारत विकास परिषद्, शाखा घरौंडा द्वारा सामान्य सभा का आयोजन शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला की अध्यक्षता में धर्म कॉम्प्लेक्स घरौंडा में किया गया सचिव कपिल धीमान ने शाखा द्वारा पिछले माह में किए गए कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का शाखा द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यक्रमो में सहयोग देने पर आभार प्रकट किया गया।

आगामी वर्ष 2024-25 के लिए नई टीम का गठन सर्व सम्मति से संपन्न हुआ। नई टीम आगामी वर्ष के लिए अध्यक्ष वरुण गुप्ता सचिव





आशीष गुप्ता कोषाध्यक्ष राम कुमार राणा एवं महिला एवं बाल विकास संयोजिका सावित्री राणा सर्व सम्मति से चुने गए चयन प्रक्रिया प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया एवं प्रांतीय महासचिव कपिल गुप्ता पूर्व अध्यक्षों एवं चुनाव ऑब्जर्वरस की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुई।वर्तमान अध्यक्ष विकास सिंगला ने वर्ष भर सहयोग देने पर पूरी टीम सभी सम्मानित सदस्यों पूर्व अध्यक्षों एवं प्रांतीय टीम का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर नए अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि सम्मानित सदस्यों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसे मैं कायम रखूंगा तथा जिस तरह अध्यक्ष विकास सिंगला ने परिषद् सदस्यों और समाज के सभी लोगों को साथ लेकर परिषद् को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया जिसमे उनके प्रयासों द्वारा स्थाई परिषद् भवन एवं कार्यालय की स्थापना हुई स्थाई प्रकल्प सिलाई सेवा केन्द्र और स्थाई प्रकल्प गौमाता रोटी बैंक शुरू किए गए एवं अन्य विशेष कार्य करते हुए शाखा का विस्तार किया जिससे शाखा ने नई ऊंचाईयों को छुआ और शाखा में विभिन्न कीर्तिमान स्थापित हुए इसी तरह वे स्वयं भी परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों पूर्व अध्यक्षों एवं समाज के लोगो को साथ लेकर परिषद् हित में कार्य करते हुए शाखा को और अधिक ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। सभा के अंतिम चरण में सभी ने आगामी वर्ष के लिए चुने गए नए अध्यक्ष और उनकी टीम शुभकामनाएं दी।

### दो कारों में भिडंत, एक जली और दूसरी सूखी नहर में गिरी

**करनाल।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मधुबन में पक्के पुल के पास दो कारों में भिडंत हो गई। एक सीएनजी होंडा सिविक गाड़ी ने अपने आगे चल रही ईको गाड़ी को टक्कर मारी। ईको गाड़ी सूखी पड़ी नहर में जा गिरी, जबकि होंडा गाड़ी में अचानक आग लग गई और धू-धू करके पूरी कार जल गई। अचानक लगी आग से हाईवे पर भी अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही मीटर दूर मधुबन थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी को कॉल किया गया। गाड़ी ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी। वहीं, होंडा गाड़ी में सवार तीन युवक मौके से फरार हो गए। इसके अतिरिक्त नहर में गिरी ईको गाड़ी में एक ड्राइवर मौजूद था, जिसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। जिसको नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार देर रात करीब 11 बजे एक होंडा सिविक कार करनाल से दिल्ली की तरफ जा रही थी। चूंकि, गाड़ी तेज रफ्तार में थी और गाड़ी की सीएनजी किट में आग लग गई। इसी दौरान गाड़ी ने अपने आगे चल रही ईको गाड़ी को भी टक्कर मारी और ईको आवर्धन नहर में जा गिरी। गनीमत रही नहर में पानी नहीं था,बड़ा हादसा हो सकता था।

# इक विचारी मां की प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

**करनाल।** सार्थक सांस्कृतिक संघ द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर मधुर मिलन परिवार के सहयोग से रॉयल रेजिडेंसी के प्रांगण में हरसरन द्वारा लिखित एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी संजीव लखन पाल द्वारा निर्देशित नाटक इक विचारी माँ की प्रस्तुती की गयी। इसके अतिरिक्त कलाकारों द्वारा गीत, एकल अभिनय एवं लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। नाटक में ब्रिज किशोर अत्रे, दविंदर राणा, रजत शर्मा, सुप्रिया बुट्टा,



**करनाल।** नाटक की प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

- कार्यक्रम में नाटक की प्रस्तुति से सभी मन मोहा

सतपाल, कृतिका रहेजा, तान्या दत्ता, ग्रेशा खेत्रपाल, कुंजल चुट्टानी, ने अभिनय किया। इस अवसर पर करनाल नगर निगम पार्षद मेघा भंडारी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश चावला ने की। मंच संचालन का दायित्व रिद्धिमा तुली एवं हार्दिक तनेजा ने बाखूबी निभाया। इस अवसर पर मधुर मिलन परिवार की ओर से राजेश आजाद, सौरभ तुली, संजय अलावदी, गगन वर्मा, दीपक प्रकाश चोपड़ा, रजत चावला, हार्दिक तनेजा, अनुपमा अत्रे, किरण, स्नेह, सुनंदा, साक्षी, पूजा, सीमा, ज्योति

## लाइसेंस शुदा हथियार तुरंत करवाएं जमाः जिलाधीश उत्तम सिंह

**करनालः** जिलाधीश उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 तथा करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए 25 मई को मतदान व 4 जून को मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा मानवीय जीवन व सभी प्रकार की संपत्तियों को नुकसान से बचाने के दृष्टिगत आपराधिक अधिनियम 1973 के तहत धारा 144 लगाने के आदेश जारी किये गए हैं। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होकर आगामी आदेशों तक मान्य होंगे। आदेशों में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति के अग्निशस्त्र व किसी भी प्रकार के गोला बारूद जैसे अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। जिन व्यक्तियों के पास लाइसेंस शुदा हथियार है वे अपने हथियार संबंधित पुलिस थाने तथा वैध हथियार रखने वाली दुकानों पर तुरंत जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा संबंधित से इसकी रसीद अवश्य प्राप्त करें। जमा करवाए गए हथियारों को सुरक्षित अभिरक्षा प्रदान करने के लिए सभी एसएचओ तथा वैध हथियार रखने वाले दुकानदार इन आदेशों की अनुपालना के लिए बाध्य होंगे। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों की अनुपालना न करने वाले व्यक्तियों पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

- चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश उत्तम सिंह ने जारी किए आदेश।

### पुलिस कप्तान की शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील जल्द अपना असला पुलिस स्टेशन में जमा करवाएं

**घरौंडा।** पुलिस अधीक्षक करनाल श्री दीपक सहारन भा.पु.से. ने कहा कि लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष ढंग से करवाने के लिए यह अति आवश्यक है कि हम आदर्श आचार संहिता के सभी नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अपने निजी स्वार्थ से हटकर प्रत्येक नागरिक को देश के सबसे बड़े पर्व को सफल बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।इसके साथ ही श्री सहारन ने जिला के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील की कि वे सभी जल्द से जल्द अपने शास्त्र अपने नजदीकी या संबंधित थाना में जमा करवाएं, उन्होंने कहा यदि कोई व्यक्ति अपने शास्त्रों को अन्य किसी स्वीकृति प्राप्त गन हाउस में रखता है, तो उसकी रसीद संबंधित थाना में अवश्य जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई शस्त्र लाइसेंस धारक अपने शस्त्र जमा नहीं करवाएगा या आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना नहीं करेगा तो ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## छापेमारी के दौरान लगाया 1500 रूपये का जुर्माना

# सिंगल यूज प्लास्टिक की ब्रिकी पर 3 दुकानदारों का चालान

- पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण कर रही 6 सब्जी व फल रेहडियों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम की सफाई शाखा के प्रवर्तन दल ने एकल प्रयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल और ब्रिकी को लेकर शहर में सख्ती की हुई है। इसे लेकर गुरूवार को टीम ने जोन 4 में आने वाले पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में छापेमारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक की ब्रिकी कर रहे 3 दुकानदारों के चालान किए और 1500 रुपये का जुर्माना लगाया। कार्रवाई की



जानकारी देते उप निगमायुक्त अशोक कुमार ने बताया कि पुराने सब्जी मंडी क्षेत्र में पाबंदी के बावजूद भी दुकानदारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की ब्रिकी की जा रही थी। इसे रोकने के लिए टीम द्वारा कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि कर्ण कैनाल (मुगल कैनाल) स्थित अस्थाई सब्जी मंडी में सभी सब्जी व फलों की रेहडिय़ों को भेजा गया था, परंतु फिर भी कुछ रेहड़ी वाले वापिस पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में रेहडियां लगा रहे थे, जिसके कारण नागरिकों को परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण कर रही 6 रेहडिय़ों को जब्त किया गया तथा शेष रेहडिय़ों को कर्ण कैनाल वापिस भेजा गया है। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा ऐसे सब्जी व फल विक्रेताओं को चेतावनी दी गई है कि वे दोबारा इस स्थान पर न आए। अगर उन्होंने ऐसा किया तो उनका चालान किया जाएगा।

### पॉलीथिन का प्रयोग न करने की दी हिदायत

उप निगमायुक्त ने आमजन से अपील करते कहा है कि प्लास्टिक कैरीबैग का बेहतर विकल्प कपड़े या जूट के थैले हैं, बाजार से सामान लाने के लिए कपड़े के थैले घर से लेकर जाएं, दुकानदारों से पॉलीथिन कैरीबैग की मांग न करें। उन्होंने कहा कि नागरिक शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक के चालान करने की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। प्रवर्तन दल में सहायक सफाई निरीक्षक गुलाब सिंह के अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन अर्बन टीम से दीपमाला तथा मोहिन्द्र मोजूद रहे।

### ड्राइवर लाइसेंस बनवाने के लिए टेस्ट देते हुए कार दुर्घटनाग्रस्त, हादसा टला

**घरौंडा।** अनाज मंडी के ग्राउंड में लाइसेंस बनवाने के लिए कार चलाने का टेस्ट देने आए कार का संतुलन बिगड़ जाने से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार के अंदर लगे सेफ्टी गुब्बारे अचानक खुलने से चालक बाल बाल बच गया। अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। उप मंडल कार्यालय की ओर से नई अनाज मंडी के खुले पड़े ग्राउंड में सप्ताह में एक बार वाहनों के लाइसेंस बनवाने के लिए वाहन चलाने का टेस्ट लेने की प्रक्रिया की जाती है। वीरवार को भी इसी प्रक्रिया के तहत मंडी में अनेक वाहन चालक अपना वाहन चलाने का टेस्ट देने के लिए आए हुए थे तो जैसे ही एक युवक कार चलाने के लिए टेस्ट देने लगा तो अचानक ही कर का संतुलन बिगड़ गया और वह तेजी से चलती हुई सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल से टकराते हुए दुकान के पिलर में जा टकराई। प्रत्यदर्शियों के अनुसार कार की गति इतनी तेज थी कि दुकान के पिललर से टकराते ही कार के अंदर लगे सेफ्टी गुब्बारे खुल गए। अगर समय पर सेफ्टी गुब्बारे न खुलते तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। चलती कार का संतुलन बिगड़ने से आसपास खड़े लोगों में अफरा तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि जिस समय कार दुर्घटनाग्रस्त हुई उसमें चालक के साथ अन्य व्यक्ति भी था।

## खबर संक्षेप

### नशा तस्करी के आरोपित पकड़े

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने पुगथला चमराड़ा रोड स्थित काकौदा मोड़ पर नशा तस्कर सुखविंद्र पुत्र बलबीर निवासी गांव काकौदा जिला पानीपत को 1 किलो 400 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी सुखविंद्र की निशानदेही पर उसके ही गांव के निवासी नशा सप्लायर कर्मसिंह पुत्र चरण सिंह को भी गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने महावटी गांव में अड्डा पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अशोक उर्फ कालु निवासी देहरा के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी अशोक उर्फ कालू के खिलाफ थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज करवाया गया है।

### पुलिस ने छह जुआरी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने वधावाराम कॉलोनी में जुआ खेल रहे रवि, मोंटी, राजीव, सोहित निवासी वधावाराम कॉलोनी, आशीष निवासी दीनानाथ कॉलोनी व नरेश निवासी हरि सिंह कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 15480 रुपये की नगदी बरामद हुई।

### पुलिस ने चोर से चार मोबाइल बरामद किए

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बोहली में पाला मार्केट में मोबाइल की दुकान में चोरी करने वाले आरोपी प्रदीप पुत्र चंदू निवासी बाबरपुर मंडी को गिरफ्तार किया है। वही, सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सदर में प्रवीन निवासी सुताना की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपी से चोरी किए गए चार मोबाइल फोन सैट बरामद किए है।
बिजली आपूर्ति बाधित हुई बीबीएमबी से चलने वाली 11 केवी नंबरी, 11 केवी कृष्णा इंडस्ट्री, 11 केवी सेक्टर 29 पार्ट 1 इंडस्ट्री फीडर समेत अन्य जगहों की बिजली बाधित हो गई।

### शस्त्र जमा कराने के निर्देश

**पानीपत।** लोकसभा चुनाव तारीखों का ऐलान होने के बाद पुलिस द्वारा हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उपमंडल समालखा से पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया जिला पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के आदेश पर सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील करते हुए कहा चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो चुकी है।

### श्री श्याम वंदना महोत्सव 31 को

**पानीपत।** श्याम रस सेवा समिति द्वारा दशहरा ग्राउंड सेक्टर 13-17 हुडा पानीपत में स्वामी श्री मुक्तानंद जी महाराज के आशीर्वाद एवं सानिध्य में तृतीय वंदना महोत्सव 31 मार्च को मनाया जा रहा है। श्याम रस सेवा समिति के प्रधान अमित राज गुप्ता एवं महासचिव संजय बंसल ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते बताया कि महंत श्री मोहन दास के सानिध्य में भजन गायक प्रमोद तिवारी मुंबई, पूजा नथनी कोलकाता, निर्मल शर्मा बरेली, आशु वर्मा पानीपत श्रद्धालुओं को अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे।

### बापौली में चलाया सफाई अभियान

**पानीपत।** पानीपत गांव बापौली में सफाई अभियान चलाया गया। जिसका शुभारंभ सरपंच डिपंल रावल व भाजपा बापौली मंडल के अध्यक्ष शिव कुमार ने स्वयं झाड़ू लगाकर किया। जिसके बाद सफाई कर्मचारियों ने पूरे गांव में नालियों व गलियों में सफाई की। शिव कुमार ने कहा कि जहां सफाई रहती है वहां भगवान वास करते हैं। वहीं सफाई से इंसान का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। इसलिए हमें न केवल अपने घर पर बल्कि आस-पास भी सफाई रखनी चाहिए।

---

कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेज के लगभग 200 स्वयंसेवक ले रहे हिस्सा

# मताधिकार का प्रयोग शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी : डॉ. अरोड़ा

- आमजन में वोट के महत्व और प्रजातन्त्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को जागरूक करने का संकल्प किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय नई दिल्ली के तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का शानदार आगाज हुआ जिसमे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के विभिन्न कालेजों के लगभग 200 स्वयंसेवक हिस्सा ले रहे है। शहीदी दिवस के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वच्छता और मतदान जैसे मुद्दों पर जागरूक बनाना है। उदघाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता अजय कुमार पूर्व परियोजना अधिकारी उपायुक्त कार्यालय पानीपत, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और समाजसेवी विकास अग्रवाल ने अपने विचार स्वयंसेवकों के साथ साझा किए। अति-विशिष्ट उपस्थिति में कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विशाल गोयल कार्यक्रम में मौजूद रहे। मेहमानों का स्वागत प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग, डॉ. नवीन गोयल, प्रो राकेश सिंगला, प्रो प्रवीन खेरडे और प्रो अन्नू आहूजा ने पुष्प-रोपित गमले भेंट करके किया। इस अवसर पर युवा मतदाताओं को वोट बनवाने और मताधिकार के हक को विवेकपूर्ण तरीके से इस्तेमाल करने के बारे एक जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. अनुपम ने स्वयंसेवकों को निर्भीकता, जागरूकता और निरंतरता के साथ वोट डालने की शपथ दिलाई और इसे ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। स्वयंसेवकों ने अपने राष्ट्रीय कर्तव्य बोध का परिचय दिया और आमजन में वोट के महत्व और प्रजातन्त्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को जागरूक करने का संकल्प किया। असल में मतदाता और उसका मत ही भारतीय लोकतंत्र या किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र का मूल आधार है। मंच संचालन प्रो अन्नू आहूजा ने किया। दोपहर बाद के सत्र में स्वच्छता एवं अच्छे स्वास्थ्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, अतिथियों का स्वागत करते हुए।

---

# लोस चुनाव में भाजपा की जीत तय

- पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को करनाल लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्टी नेत्रियों का स्वागत करते हुए।

भाजपा जिला कार्यालय जीटी रोड में जिला महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करनाल लोकसभा चुनाव की महिला मोर्चा प्रभारी सुनीता लोहचब ने की। वही लोहचब के पानीपत में प्रथम आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशु सत्यवान शेरा, पूर्व मेयर अवनीत कौर, सह प्रभारी संध्या बजाज और महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष इंदु कुकरेजा व महक दीवान ने स्वागत किया। इधर, बैठक को संबोधित करते हुए करनाल लोकसभा क्षेत्र की महिला चुनाव प्रभारी सुनीता लोहचब ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को करनाल लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके दृष्टिगत 29 मार्च शाम 5 बजे गंगापुरी गार्डन पानीपत में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसलिए पानीपत विधानसभा क्षेत्र की सभी महिला पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ताओं को भी इस सम्मेलन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देना चाहिए। इधर, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने दावा किया कि पानीपत जिला की चोरों सीटों से मनोहर लाल की ऐतिहासिक जीत तय है।

### महिला से ठगी करने वाले को जेल

**पानीपत।** सीजेएम संदीप चौहान की कोर्ट ने रामकली निवासी गांव खोकसा जिला शामली, उत्तर प्रदेश से नगदी ठगने व धोखाधडी करने के आरोपी रमेश कुमार पुत्र राम कुमार निवासी विजय नगर, नूरवाला, पानीपत को दोषी करार देते हुए चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं सीजेएम चौहान की कोर्ट ने दोषी रमेश पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। स्मरणीय है कि रामकली की शिकायत पर थाना सिटी पुलिस ने आरोपी रमेश के खिलाफ 24 अप्रैल 2016 को केस दर्ज किया गया था।

### सभी बैंकों को बनाने होंगे क्यू आर कोड

**पानीपत।** पानीपत जिला स्तरीय समीक्षा समिति की वीरवार को जिला सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि चुनाव के मद्धददेनजर सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्धारित समय पर अपनी कर्मचारियों का ब्योरा देना पड़ेगा ताकि उनके डाटा को अपलोड किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि वे क्यू आर कोड बनाने को लेकर गंभीरता दिखाए व तत्परता से इस पर कार्य करें। बैठक में समालखा एसडीएम अमित कुमार, इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल, एलडीएम तुलाराम, आरबीआई चंडीगढ़ से यश भारद्वाज, नाबार्ड से हिमांशु खत्री आदि मौजूद रहे।

---

### सीएससी सेंटर संचालक से लाखों रुपयों की ठगी

**पानीपत।** पानीपत शहर के वार्ड 11 स्थित एक सीएससी सेंटर संचालक के साथ परिचित ने ठगी कर ली। वही, साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में सुबोध कुमार ने बताया कि वह 11 वार्ड चुंगी का रहने वाला है। चुंगी पर ही वह उरउ और बैंक बीसी का काम करता है। 19 मार्च को उसके पास विशाल आया। जिसने कहा कि उसे रुपए की बहुत जरूरत है, लेकिन वह बैंक से रुपए नहीं निकलवा पा रहा है। सुबोध ने कहा कि वह विशाल को पहले से ही जानता था, इसलिए उसका आधार कार्ड लेकर दुकान के स्कैनर पर रुपये डालने के लिए कह दिया। उसने खाते में अलग-अलग बार में उसके अकाउंट में 2 लाख 73 हजार रुपये भेज दिए। जिसके बाद सुबोध ने उसे 2 लाख 73 हजार रुपये कैश दे दिया। इधर, 20 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे सुबोध बैंक में रुपये निकलवाने गया।

# शिविर में 144 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

- भारतीय सेना को समर्पित किया रक्त दान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

लिनेस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा भारतीय सेना के जवानों के लिए रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में एकत्रित रक्त को सेना में भेजा जाएगा। लिनेस क्लब पानीपत ग्रेटर इस मौके पर युवाओं ने विशेष रूप से बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। लिनेस क्लब पानीपत ग्रेटर की प्रधान डॉ. कालिंदी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर भारतीय सेना को समर्पित है। इसमें जितना भी रक्त एकत्रित होगा वह सेना के लिए भेजा जाएगा। डॉ. कालिंदी ने बताया कि देश के वीर जवान सरहदों पर तैनात होकर दिन-रात हमारी रक्षा में तैनात रहते हैं इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि सेना के वीर जवानों के लिए हर भारतीय को कुछ योगदान देना चाहिए। इसके ध्यान में रखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है इसलिए हर इंसान को अपने जीवन में काम से कम एक बार रक्तदान जरुर करना चाहिए। आपके दिए गए रक्त से किसी जरूरतमंद इंसान की अमूल्य जिंदगी बचाई जा सकती है। प्रधान डॉ. कालिंदी ने बताया कि रक्त दान शिविर में 144 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। डॉ. कालिंदी ने क्लब के सामाजिक कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि लिनेस क्लब पानीपत ग्रेटर मुफ्त सिलाई केंद्र, ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग के साथ गांव में मुफ्त स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर क्लब की जिला प्रधान वीना गोयल,नीलम अग्रवाल,शोभना सिंगला, मंजू बाला, ऋतु सिंगला, सुमन, शिवा गोयल व रमा गोयल मौजूद थी।



**पानीपत।** रक्तदाताओं का हौंसला बढाते हुए लिनेस क्लब की अध्यक्ष डॉ कालिंदी, आदि।

# नहर में डूबे दामाद व सुसर के शव मिले

**पानीपत।** पानीपत में होली के दिन नहर में डूबे चाचा ससुर और दामाद के शव चौथे दिन खुबडू झाल से मिल गए। वही, लेखराम मूल निवासी शाहजहांपुर, यूपी हाल निवासी गोपाल कालोनी, पानीपत ने बताया कि वह तीन बेटों का पिता है। जिसमें सबसे बड़ा बेटा राधेश्याम, मंझला बेटा घनश्याम व सबसे छोटा बेटा श्याम सुंदर है। यहां दो ही कमरों का मकान होने की वजह राधेश्याम उनसे कुछ दूरी पर ही स्थित अलग कमरे पर रहता था। जिसके पास पिछले करीब 15 दिनों से चाचा ससुर विजयवीर रहता था। वह यहीं पर काम करता था। अगले हफ्ते सभी ने छोटे बेटे श्याम सुंदर की सगाई के लिए यूपी जाना था। स्मरणीय है कि होली वाले दिन नहर में सबसे पहले राधेश्याम नहाने गया। हालांकि वह तैरना जानता था। शायद शराब पीने की वजह वह ऊपर नहीं आ सका। उसे बचाने के लिए चाचा ससुर कूदा तो वह भी डूब गया। दोनों डूबते हुए को भीम निवासी हमीरपुर जिला फरुर्खाबाद, यूपी और रमेश कुमार बचाने उतरे तो वह भी डूबने लगे। अभी दोनों किनारे पर ही थे, इसलिए समय रहते वहां के स्थानीय लोगों ने इन दोनों को बचा लिया। जबकि वे दोनों बह गए। राधेश्याम एक बेटा व दो बेटियों का पिता है।

---

# एसीएफआई के अंतर्राष्ट्रीय मुख्य निदेशक नियुक्त हुए तरूण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमों नरेंद्र अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए देश के विख्यात फैशन आइकॉन तरुण कपूर को अंतर्राष्ट्रीय मुख्य निदेशक नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमों नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय मुख्य निदेशक महिला प्रकोष्ठ सुनीता गुप्ता ने तरुण कपूर को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इार, तरुण कपूर ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे।



पानीपत। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमों नरेंद्र अरोड़ा, तरूण कपूर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

# घर-घर आयुर्वेद पहुंचाने को हर्बल पौधे बांटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में कार्यरत ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार लगातार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रयासरत ही नहीं रहते अपितु पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर जनसाधारण को विभिन्न अभियानों के तहत जागरूक कर रहे है। घर-घर तक प्राचीन आयुर्वेद को पहुंचाने के लिए आजकल हर घर हर्बल - 100 घर हर्बल नैनो गार्डन-2024 अभियान चला रखा है। 20 फरवरी, 2024 से चलाए गए हर घर हर्बल अभियान में वे अपने निजीकोष से 11 से 21 आयुर्वेदिक पौधे उपहार में देते है। 14 वां हर घर नैनो- हर्बल गार्डन के लिए छः प्रकार की तुलसी, हींग, मल्टी स्पाइसी प्लांट, रोजमैरी, इलाइची, दो प्रकार की इन्सुलिन, कड़ी पत्ता, अश्वगंधा आदि के 14 पौधे मैडम नीलम गख्खड़ प्रिंसिपल जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत को घर मे नैनो-हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि मेरा उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को पर्यावरण संरक्षण अभियान से जोड़कर पर्यावरण जैसे सबसे जरूरी मुद्दे के प्रति जागरूक करना है। प्रिंसिपल नीलम गख्खड़ ने कहा कि हम सभी को मिलकर ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की तरह अधिक से अधिक पौधे रोपित करके मानवता की सेवा करनी चाहिए।



**पानीपत।** ग्रीनमैन प्रो .दलजीत शिक्षाविद् नीलम को हर्बल पौधे बांटते हुए।

---

# सीए के विद्यार्थियों का शैक्षणिक मार्ग दर्शन किया

- सेमिनार में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा को पानीपत शाखा के सभागार में सीए के विद्यार्थियों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन पानीपत चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए अंकुर बंसल की अध्यक्षता में किया गया। सेमिनार की मुख्य वक्ता सीए आयुश्री खन्ना ने सभी उपस्थित बच्चों को एग्जाम के समय उत्साहित होकर और अपने सभी विषयो की समयसारणी बना कर पढ़ाई करने के लिए कहा और उन्होंने कम समय में अच्छी परफॉर्मेंस देने के लिए कई तरीके बताएं जिसे सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छे से समझा और सभी विद्यार्थियों बहुत ही उत्साहित नजर आए। पानीपत शाखा के अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और उन्होंने सभी विद्यार्थियों के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए सीए अंकुर बंसल ने कहा कि आगे भी विद्यार्थियों के लिए हम इसी प्रकार के कार्येक्रमों का आयोजन नियमित रूप से करते रहेंगे। इस मौके पर ब्रांच के कोषाध्यक्ष सीए रविंद्र सिंह भी मौजूद रहे सेमिनार में नव्या, खुशबु, सार्थक, पलक गोयल, केशव, रजत, तमन्ना, डॉली, संयम जैन, रचित, कार्तिक, तन्नु, मानसी, कनिका मित्तल, संयम जैन, गुन, अंजलि, भूमि, उमंग, आरती, उपासना एवं लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



**पानीपत।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया चेप्टर, पानीपत, सीएम के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# शिक्षा इंसान की तरक्की की सशक्त राह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में प्राथमिक कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान एडवोकेट आर्य रणदीप कादियान रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। वही, विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि आर्य बाल भारती विद्यालय में छात्रों को शिक्षा, संगीत, योग और खेलों में भी बच्चे की रुचि के अनुसार अनेक अवसर उपलब्ध करवाए जाते है, यही नहीं विद्यालय में शिक्षा के साथ-सहत बच्चो को उच्च कोटि के वैदिक संस्कार भी प्रदान किए जाते हैं। अभिभावकों को आर्य शिक्षण संस्थाओं में बच्चों को प्रवेश दिलाकर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने में धन की कमी को आडे नहीं आने दिया जाएगा, शिक्षित होना हर बच्चे का है और यह हक आर्य बाल भारती स्कूल प्रशासन हर उस परिवार को देगा जो अपने बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षित करना चाहता है।




**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान मेधावी विद्यार्थी को पुरस्कृत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

# अनाधिकृत पानी का प्रवाह करने वाले फैक्ट्री संचालकों पर कानूनी कार्रवाई होगी



पानीपत। हादसों पर नियंत्रण के लिए सभी जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। स्पीड बैरियर की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगाकर विशेष निगरानी बरती जाएगी। जो डेयरी संचालक गंदगी फैला रहे हैं व पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं अगले माह में उनके विरुद्ध कार्यवाही शुरू की जाएगी। अनाधिकृत पानी का प्रवाह करने वाले फैक्ट्री संचालकों पर कानूनी कार्रवाई होगी। अवैध रूप से चलने वाली डेयरियों की गायों को गौशालाओं में भेजा जाएगा। यह बात जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने वीरवार को जिला सचिवालय में जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जीवी सीरीज के साथ विभाग की गाडियों को तब्दील करें जो अधिकारी इसमें गंभीरता नहीं दिखाएंगे। अप्रैल के बाद गाडियों को उठाया जाएगा इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि जो अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हो रहे उनको चार्ज शीट किया जाएगा व उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हैल्थ विभाग जल्द से जल्द 112 नंबर के साथ एंबुलेंस सेवा को जोडने का कार्य करें ताकि हादसों को रोका जा सके। उपायुक्त ने कहा कि डाहर चौक पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसराना में बिजली विभाग के सहयोग से एक सप्ताह के अंदर बिजली पोल को शिफ्ट किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि बराना फरीदपुर रोड पर स्थित फैक्ट्ररियों द्वारा अनाधिकृत रूप से पानी छोडने की समस्या पर संज्ञान लिया जा रहा है। चेकिंग अभियान चलाकर फैक्ट्री को सील किया जाएगा।

### युवा किसान के हत्यारे को उम्रकैद

**पानीपत।** जिला अतिरिक्त न्यायधीश अर्चना यादव की अदालत ने राकेश हत्याकांड के आरोपी सुरेंद्र उर्फ काला पुत्र मांगेराम मूल निवासी गांव जाजी जिला सोनीपत, हाल निवासी गांव जाटल जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। एएसजे अर्चना यादव की कोर्ट ने हत्यारे सुरेंद्र पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी किया है। एएसजे अर्चना यादव की कोर्ट ने राकेश हत्याकांड में 19 गवाहों की गवाही के आधार पर दोषी को सजा दी है।

**यह है मामला:** रामगोपाल पुत्र हिरदेय राम निवासी सैनी कालोनी, निकट रेलवे लाइन, मॉडल टाउन, पानीपत के गांव जाटल में खेत है। वहीं रामगोपाल का पुत्र राकेश, 17 जून सन् 2018 की रात को अपनी फसलों की रखवाली के लिए खेत में था। रात को राकेश की हत्या कर दी गई। वहीं रामगोपाल ने अपने पुत्र राकेश की हत्या के आरोप में सुरेंद्र उर्फ काला को दोषी ठहराया।

# हत्या के आरोपी को सुनाई सजा

**पानीपत।** जिला अतिरिक्त न्यायधीश आरके मेहता की कोर्ट ने 25 साल पहले गांव लोहारी में हुए गोरधन हत्याकांड के आरोपी राममेहर पुत्र चंद्र निवासी गांव लोहारी जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास सजा दी। जबकि दोषी पर दस हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

**यह है मामला:** 19 मई सन 1999 को राममेहर व इसके परिजनों चंद्र, नन्हा, बलबीर ने मिल कर गोरधन पर हमला बोल दिया। गोरधन गंभीर रूप से घायल हुआ और अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं थाना इसराना पुलिस ने गोरधन हत्याकांड में उपरोक्त पर मृतक के भाई भीमा पुत्र भरतू की शिकायत पर केस दर्ज किया। इधर, चंद्र, नन्हा व बलबीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि राममेहर फरार हो गया। इधर, अदालत ने 15 जुलाई 2002 को गोरधन हत्याकांड के फरार आरोपी राममेहर को भगौडा घोषित कर दिया। तीन परिजनों को 20 साल पहले हुई थी सजागोरधन हत्याकांड के आरोपियों चंद्र, नन्हा, बलबीर को जहां कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई, वहीं थाना इसराना पुलिस को भगौडे राममेहर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए। पुलिस ने राममेहर की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। लंबें अंतराल के बाद पुलिस ने राममेहर को गिरफ्तार किया है। जिला अतिरिक्त न्यायधीश अर्चना यादव की अदालत ने राकेश हत्याकांड के आरोपी सुरेंद्र उर्फ काला पुत्र मांगेराम मूल निवासी गांव जाजी जिला सोनीपत, हाल निवासी गांव जाटल जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

